प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन झारखंड के अपने दो दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रांची पहुंच चुके हैं। वे पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ आगामी रणनीतियों पर एक अहम बैठक करेंगे। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि उनके आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा।

****

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा की एक सीट के लिए अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव और वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्यसभा चुनाव को देखते हुए बैद्यनाथ राम को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बैद्यनाथ राम झारखंड सरकार में पहले मंत्री रह चुके हैं। बैद्यनाथ राम फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति के उपाध्यक्ष हैं।

****

झारखंड लोक सेवा आयोग–जेपीएससी ने सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रारंभिक परीक्षा का संशोधित परिणाम जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में संशोधित उत्तर कुंजी के आधार पर यह रिजल्ट तैयार किया गया है। परीक्षार्थी अपना परीक्षाफल आयोग की आधिकारिक वेबसाइट जेपीएससी डॉट गोव डॉट इन पर देख सकते हैं।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि कल तक के लिए बढ़ा दी गई है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब रविवार मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 6 जून तक निर्धारित थी।

****

राज्य में आगामी 28 जून को पल्स पोलियो दिवस के तहत पांच वर्ष तक 61 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने बताया कि राज्यभर में चौबीस हजार से अधिक बूथ बनाए गए हैं। अधिकारियों ने अभिभावकों से बच्चों को पोलियो रोधी दवा जरूर पिलवाने की अपील की है।

****

रांची नगर निगम ने कांके डैम को प्रदूषण और अतिक्रमण से बचाने के लिए सख्त कार्रवाई शुरू की है। डैम में गिरने वाले गंदे पानी को रोकने और ड्रोन मैपिंग के जरिए अवैध कब्जों की पहचान के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि हमारी पूरी टीम ने कांके डैम का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया है। डैम की स्वच्छता, संरक्षण और ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया जा रहा है ताकि प्रभावी कदम उठाए जा सके।

****

सिमडेगा थाना क्षेत्र के सलडेगा टोंगरीटोली स्थित केलाघाघ डैम के समीप से पुलिस ने 36.995 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है,जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

****

जापान के काकामीगाहारा में आयोजित अंडर 18 महिला एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया। तीसरे स्थान

के मुकाबले में भारत ने कोरिया को तीन शून्य से हराकर टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। मैच में शानदार खेल दिखाने वाली संदीपा कुमारी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

<u>**********************</u>

अंडर 18 एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान के खिलाफ कल खेले गए रोमांचक मुकाबले में खूंटी के आशीष तानी पूर्ति ने लगातार तीन गोल दाग कर भारत को रोमांचक जीत दिलाई। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

<u>*********समाप्त*********</u>